**प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित एस0एल0एस0एम0सी0 की बैठक दिनांक 25.02.2019 का कार्यवृत्त।**

निदेशक, सूडा/मिशन निदेशक, एसएलएनए द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) हेतु 06 जनपदों की 18 नगर निकायों में 5779 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी हैं तथा लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) हेतु 03 जनपदों में 10 नगर निकायों की 935 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी हैं। जिन्हें एस0एल0ए0सी0 द्वारा दिनांक 24.02.2019 को परीक्षण कर एस0एल0एस0एम0सी0 हेतु संस्तुति की गयी है। इस प्रकार दोनों घटकों की 28 परियोजनाओं में कुल 6714 आवासों की डी0पी0आर0 एस0एल0ए0सी0 द्वारा परीक्षणोपरान्त एस0एल0एस0एम0सी0 के अनुमोदन हेतु अग्रसारित किया गया है।

विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त एजेण्डा बिन्दुवार निम्नवत् निर्णय लिये गये:–

**एजेण्डा बिन्दु सं0 1:–प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) घटक में 06 जनपदों की 18 नगर निकायों में 5779 आवासों की डी0पी0आर0 एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) घटक में 03 जनपदों की 10 नगर निकायों में 935 आवासों की डी0पी0आर0 की स्वीकृति पर विचार।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) हेतु 06 जनपदों की 18 नगर निकायों में 5779 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत है:–

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **BLC - New Construction** | | | | | | | | |
| 1 | Behraich | Nanpara NPP | 162 | 243.00 | 162.00 | 210.60 | 615.60 | 4 |
| 2 | Behraich | Behraich NPP | 550 | 825.00 | 550.00 | 715.00 | 2090.00 | 4 |
| 3 | Behraich | Rishiya Bazar NP | 451 | 676.50 | 451.00 | 586.30 | 1713.80 | 4 |
| 4 | Chandauli | Chandauli NPP | 640 | 960.00 | 640.00 | 550.40 | 2150.40 | 3 |
| 5 | Chandauli | Chakia NP | 677 | 1015.50 | 677.00 | 582.22 | 2274.72 | 3 |
| 6 | Hardoi | Bilgram NPP | 162 | 243.00 | 162.00 | 138.83 | 543.83 | 3 |
| 7 | Hardoi | Kachhauna Patseni NP | 477 | 715.50 | 477.00 | 408.78 | 1601.28 | 3 |
| 8 | Hardoi | Sandi NPP | 136 | 204.00 | 136.00 | 116.55 | 456.55 | 3 |
| 9 | Hardoi | Pihani NPP | 231 | 346.50 | 231.00 | 197.95 | 775.45 | 3 |
| 10 | Hardoi | Mallawan NPP | 229 | 343.50 | 229.00 | 196.25 | 768.75 | 3 |
| 11 | Hardoi | Beniganj NP | 116 | 174.00 | 116.00 | 99.41 | 389.41 | 3 |
| 12 | Hardoi | Sandila NPP | 232 | 348.00 | 232.00 | 198.81 | 778.81 | 3 |
| 13 | Kaushambi | Bharwari NP | 453 | 679.50 | 453.00 | 388.21 | 1520.71 | 2 |
| 14 | Lakhimpur Kheri | Dhaurehra NP | 192 | 288.00 | 192.00 | 164.53 | 644.53 | 4 |
| 15 | Lakhimpur Kheri | Gola Gokaran Nath NPP | 211 | 316.50 | 211.00 | 180.82 | 708.32 | 4 |
| 16 | Lakhimpur Kheri | Lakhimpur NPP | 284 | 426.00 | 284.00 | 243.37 | 953.37 | 4 |
| 17 | Lakhimpur Kheri | Oel Dhakwa NP | 172 | 258.00 | 172.00 | 147.40 | 577.40 | 4 |
| 18 | Shahjahanpur | Shahjahanpur NN | 404 | 606.00 | 404.00 | 525.20 | 1535.20 | 4 |
| | | **Total** | **5779** | **8668.50** | **5779.00** | **5650.63** | **20098.13** | |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइडलाइन्स के अनुसार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए नये आवास हेतु अधिकतम 30 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–2 में 01 नगर निकाय में 453 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.19 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.36 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 09 नगर निकायों में 2900 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.81 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.36 लाख है तथा भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 08 नगर निकायों में 2426 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.77 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.80 लाख है। नये आवास निर्माण के लिए रू0 1.50 लाख प्रति आवास केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास दिया जायेगा, शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उक्त सभी लाभार्थियों का सत्यापन जनपद स्तर पर कराया जा चुका है। उपरोक्त 06 जनपदों की 18 नगर निकायों में 5779 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 20,098.13 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 8,668.50 लाख, राज्यांश रु0 5,779.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 5,650.63 लाख है।

लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) हेतु 03 जनपदों की 10 नगर निकायों में 935 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत है:–

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **BLC - Enhancement** | | | | | | | | |
| 1 | Behraich | Nanpara NPP | 22 | 33.00 | 21.20 | 0.00 | 54.20 | 4 |
| 2 | Behraich | Jarwal NP | 22 | 33.00 | 21.20 | 0.00 | 54.20 | 4 |
| 3 | Behraich | Behraich NPP | 290 | 435.00 | 279.49 | 0.00 | 714.49 | 4 |
| 4 | Behraich | Rishiya Bazar NP | 131 | 196.50 | 126.25 | 0.00 | 322.75 | 4 |
| 5 | Hardoi | Pihani NPP | 106 | 159.00 | 106.00 | 3.57 | 268.57 | 3 |
| 6 | Hardoi | Bilgram NPP | 59 | 88.50 | 55.08 | 0.84 | 144.42 | 3 |
| 7 | Lakhimpur Kheri | Lakhimpur NPP | 89 | 133.50 | 78.73 | 0.00 | 212.23 | 4 |
| 8 | Lakhimpur Kheri | Gola Gokaran Nath NPP | 116 | 174.00 | 102.62 | 0.00 | 276.62 | 4 |
| 9 | Lakhimpur Kheri | Dhaurehra NP | 41 | 61.50 | 36.27 | 0.00 | 97.77 | 4 |
| 10 | Lakhimpur Kheri | Oel Dhakwa NP | 59 | 88.50 | 52.19 | 0.00 | 140.69 | 4 |
| | **Total** | | **935** | **1402.50** | **879.03** | **4.41** | **2285.94** | |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइडलाइन्स के अनुसार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए आवासों के विस्तार हेतु न्यूनतम 9 वर्ग मी0 तथा अधिकतम 21 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 02 नगर निकायों में 1659 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 412.99 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 247.50 लाख, राज्यांश रु0 161.08 तथा लाभार्थी अंशदान रु0 4.41 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 08 नगर निकायों में 770 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 1,550.20 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 958.50 लाख, राज्यांश रु0 717.95 तथा लाभार्थी अंशदान शून्य है।

आवास विस्तार के लिए रू0 1.50 लाख तक केन्द्रांश से वहन की जायेगी तथा रू0 1.50 से रु0 2.50 तक राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास आवश्यकतानुसार दिया जायेगा। रु0 2.50 तक लाभार्थी द्वारा कोई अंशदान की राशि वहन नहीं की जायेगी, परन्तु रु0 2.50 से अधिक होने पर धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उक्त सभी लाभार्थियों का प्रमाणीकरण (validation) हो

चुका है। उपरोक्त 03 जनपदों की 10 नगर निकायों में 935 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 2,285.94 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 1,402.50 लाख, राज्यांश रु0 879.03 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 4.41 लाख है।

उपरोक्तानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत 06 जनपदों की 18 परियोजनाओं में 5779 आवासों तथा आवास निर्माण (विस्तार) घटक के अन्तर्गत 03 जनपदों की 10 परियोजनाओं में 935 आवास, कुल 28 परियोजनाओं में 6714 आवासों हेतु **मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश (अध्यक्ष, एस0एल0एस0एम0सी0)** द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी।

Manoj 25.2.19

(मनोज कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव

**उत्तर प्रदेश शासन**
**नगरीय रोजगार एवं गरीबी**
**उन्मूलन कार्यक्रम विभाग**

संख्याः– 62 / 69–1–2019–14(235) / 2015
लखनऊ : दिनांक : 25 फरवरी, 2019

**कार्यालय–आदेश**

**उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है:–**

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार।
4. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार।
5. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
11. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
12. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0।
13. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।
14. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश।
15. संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा।

**(अखिलानन्द ब्रह्मचारी)**
अनु सचिव।